प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक 22.04.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री - साक्षात्कार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और सऊदी अरब की क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा करने में स्वाभाविक रुचि है। सऊदी अरब की दो दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा से पहले अरब न्यूज़ के साथ विशेष साक्षात्कार में, प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब को विश्वसनीय मित्र और रणनीतिक सहयोगी बताया। वहीं, प्रस्थान वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत सऊदी अरब के साथ अपने लंबे और ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देता है, जिनमें हाल के वर्षों में रणनीतिक प्रगाढ़ता और गति आई है।

मंत्रिपरिषद बैठक

राज्य मंत्रिपरिषद की आज हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी कॉन्क्लेव होने जा रही है। इसके अलावा, इनमें ग्वालियर में करीब 350 एकड़ भूमि में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन बनाना भी शामिल है. इसमें टेलीकॉम से जुड़े सभी उपकरण बनेंगे और टेलीकॉम सेक्टर की बड़ी कंपनियां निवेश करेंगी.

राजेन्द्र शुक्ल

न्याय पे चर्चा-2025

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ० वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि देश के अंतिम छोर तक के व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त किए बिना वास्तविक विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। नई दिल्ली में सामाजिक न्याय पे चर्चा-2025 को संबोधित करते हुए डॉक्टर कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिन लोगों को समानता का अधिकार देने का सपना डॉक्टर आंबेडकर ने देखा था, समाज के उन वंचित वर्गों के उत्थान पर चर्चा को बढ़ावा देना है।

बाइट: डॉ० वीरेन्द्र कुमार

पृथ्वी दिवस

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। हर वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में पृथ्वी को बेहतर बनाने के बारे में जागरूकता फैलाने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने और लोगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकजुट कर पर्यावरण संरक्षण हेतु अपना सहयोग देने के लिए प्रेरित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पृथ्वी को हरा-भरा और सुंदर बनाएं।

मौसम

प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है. खासतौर पर प्रदेश सीधी, सतना, टीकमगढ़, छतरपुर, सिंगरौली सबसे गर्म है। लगातार दूसरे दिन कल सीधी में पारा 44 डिग्री के पार रहा। वहीं, 27 शहरों में पारा 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। आज भी प्रदेश में तेज गर्मी है । मौसम विभाग ने इंदौर, रीवा, ग्वालियर और चंबल संभाग के 9 जिलों में लू चलने की आशंका व्यक्त की है। वहीँ, भोपाल, उज्जैन, सागर और जबलपुर संभाग में भी लू जैसे हालात ही रहेंगे।

समाचार संक्षेप में...

- हरदा में राष्ट्रीय खाद्य, सुरक्षा अधिनियम के पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी की कार्यवाही 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।
- आगर मालवा कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि अभियान में जन सहयोग से अधिकाधिक जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं गहरीकरण कराया जाए.
- आज कटनी में विश्व पृथ्वी दिवस को वसुंधरा महोत्सव के रूप में मनाया गया । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 'पृथ्वी दिवस' बड़े उत्साह उत्साह के साथ मनाया गया इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में 24 अप्रैल को शासकीय आईटीआई शिवपुरी में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा ।